होना चाहिए।

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी॰आर॰ 104/2024

## डी॰एल॰एड॰ परीक्षा वर्ष, 2024 के लिये ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने तथा परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु अवधि विस्तारित किये जाने के संबंध में आवश्यक सूचना

ERC NCTE से मान्यता प्राप्त एवं तदनुसार बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं संबंधितों को सूचित किया जाता है कि समिति की विज्ञप्ति संख्या– पी॰आर॰ 85/2024 द्वारा डिप्लोमा इन एलिमेन्ट्री एजुकेशन (डी॰एल॰एड॰) फेस–टू–फेस का प्रशिक्षण सत्र 2023–25 के प्रथम वर्ष एवं सत्र 2022–24 के द्वितीय वर्ष के बाह्य विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने हेतु प्रसारित विज्ञप्ति में अंतिम तिथि दिनांक 11.03.2024 तक निर्धारित था।

2. **विद्यार्थी हित में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की विस्तारित तिथि निम्नवत् है :–**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | बिना विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने की तिथि | 12.03.2024 से 15.03.2024 तक |
| 02 | विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने की तिथि | 16.03.2024 से 21.03.2024 तक |

**नोटः–विलम्ब शुल्क 175/–रूपये प्रति परीक्षार्थी देय है।**

3. विज्ञप्ति संख्या– पी०आर० 85/2024 के क्रम में सूचित किया जाता है कि कतिपय संस्थान द्वारा जिन विद्यार्थियों का परीक्षा शुल्क निर्धारित अवधि तक ऑनलाईन जमा किया गया है, किन्तु परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं किया गया है, ऐसे संबंधित संस्थान के प्राचार्य लंबित परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क उक्त विस्तारित अवधि में निश्चित रूप से जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

4. उक्त अवधि में लंबित परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित विद्यार्थियों का मूल प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा। मूल प्रवेश पत्र जारी नहीं किए जाने के परिणामस्वरूप यदि विद्यार्थी हित के प्रतिकूल कोई परिस्थिति उत्पन्न होती है, तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित संस्थान के प्राचार्य/विद्यार्थी की होगी।

5. विज्ञप्ति संख्या– पी०आर० 85/2024 के द्वारा दिये गए अन्य सभी निदेश यथावत् रहेंगे।

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**

Scanned with CamScanner